कार्यालय मुख्य अभियंता (परियोजनाएं)
परियोजना अंचल, लोक निर्माण विभाग
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार
प्रथम मंजिल, एम.एस.ओ. भवन, आई.पी.इस्टेट, नई दिल्ली–110002, फोन: 23317560 फैक्स: 23725169

सं. 9/2/2025/मु.ई.(परि.)/लो.नि.वि./ई–2/1070 दिनांक 05/06/25

## कार्यालय आदेश

**विषयः– रोकड़िया के पद के लिए उच्च श्रेणी लिपिकों/अवर श्रेणी लिपिकों के विकल्प।**

इस अचंल के अधीनस्थ मंडल में रोकड़िया के रिक्त पदों को भरने के लिए इच्छुक उच्च श्रेणी लिपिकों/अवर श्रेणी लिपिकों से विकल्प आमंत्रित किये जाते हैं। सभी मुख्य अभियंता/अधीक्षण अभियंता/परियोजना प्रबंधक एवं उनके अधीनस्थ कार्यपालक अभियंताओं से अनुरोध है कि इच्छुक एवं योग्य उच्च श्रेणी लिपिकों/अवर श्रेणी लिपिकों के विकल्प उनके सेवा विवरण तथा उनकी गोपनीय रिपोर्ट के सारांश सहित निम्न प्रपत्र में दिनांक 25.06.2025 तक इस कार्यालय में भेज दें। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त नामों पर विचार नहीं किया जाएगा। विकल्प अंचल व परिमंडल स्तर पर समेकित करके ही भेजें। कार्यालय जहां रोकड़िया के पद को भरा जाना है।

**कार्यालय का नाम :– कार्यपालक अभियंता, शिक्षा अनुरक्षण मंडल – दक्षिण एवं दक्षिण पूर्व**

रोकड़िया पद के इच्छुक उम्मीदवार निम्नलिखित शर्तो को पूरी करते हों (आदेश जारी होने की तिथि को):–

1. वे कर्मचारी स्थायी हों एवं पी.आई.एम.एस. द्वारा वर्ष 2024 के अंत में फाइल की गई संपत्ति विवरणी की प्रति संलग्न करें।
2. उन्हें लिपिक ग्रेड में कम–से–कम दो वर्ष का लेखाशाखा में कार्य का अनुभव हो।
3. वे कम–से–कम छः माह से पत्राचार शाखा में कार्य कर रहे हों या लेखाशाखा में कार्य करते हुए एक वर्ष से कम का समय हुआ हो।
4. वे आवश्यक प्रतिभूति देने के भागी होंगे।
5. इच्छुक कर्मचारी की पिछले पॉच वर्ष की गोपनीय रिपोर्ट का सारांश एवं सतर्कता सफाई प्रमाण पत्र निर्धारित प्रपत्र पर विकल्प के साथ अवश्य भेजें, अन्यथा विचार नहीं किया जाएगा।
6. कर्मचारी द्वारा विकल्प दिये जाने के बाद किसी भी स्थिति में उसे वापिस लेने की अनुमति नहीं होगी तथा कर्मचारी का रोकड़िया पद पर चयन हो जाने पर एवजी की प्रतीक्षा किये बिना कार्यभार मुक्त करना होगा।
7. देरी से प्राप्त होने वाले विकल्पों पर विचार नहीं किया जायेगा।

| क्र. सं. | नाम व पदनाम | जन्म तिथि | नियुक्ति की तिथि | स्थायीकरण की तिथि | पिता का नाम | लेखा शाखा में तैनाती की तिथि | पत्राचार शाखा में तैनाती की तिथि | लेखा शाखा का अनुभव | रोकड़िया के पद पर अनुभव | सतर्कता का कोई मामला उनके विरूद्ध है या नहीं | कार्यालय जहाँ पर कार्यरत हैं। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |

यदि किसी कर्मचारी को कारणवश लेखाशाखा में तैनाती के लिए रोका गया है तो कृपया उनके नाम अग्रेषित न किये जायें।

चयन होने की स्थिति में उम्मीदवार को शीघ्र कार्यभार मुक्त करना होगा केवल उन्हीं लिपिकों के नाम भेजें जो उपर्युक्त शर्तो को पूरी करते हों अन्यथा उन पर विचार नहीं किया जाएगा।

**यह आदेश मुख्य अभियंता (परियोजनाएं) महोदय की अनुमति से जारी किया जाता है।**

**सहायक प्रशासनिक अधिकारी**
**परियोजना अंचल**

प्रतिलिपिः–

1. प्रमुख अभियंता, लो.नि.वि., रा.रा.क्षे. दिल्ली सरकार, नई दिल्ली। कृप्या कार्यालय आदेश PWD Website पर अपलोड करें।

2–7. मुख्य अभियंता, अंचल–उत्तर, दक्षिण, पूर्व, स्वास्थ्य अनुरक्षण, अन्य परियोजना एवं फ्लाई ओवर, लो.नि.वि., नई दिल्ली। उनसे अनुरोध है कि वे इसे अपने अधीन परिमंडल/मंडल कार्यालय में परिचालित करें।

8–10. अधीक्षण अभियंता, शिक्षा अनुरक्षण ईकाई–1, 2 एवं 3, लो.नि.वि., नई दिल्ली।

11–18. कार्यपालक अभियंता, शिक्षा अनुरक्षण मंडल–पूर्व एवं उत्तर पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण एवं दक्षिण पूर्व, उत्तर–पश्चिम, दक्षिण–पश्चिम, केंद्रीय एवं नई दिल्ली एवं वैद्युत मंडल एम.–1, लो.नि.वि., नई दिल्ली।

**सहायक प्रशासनिक अधिकारी**

12